By-Email

पत्रांक–म०भो०/को०- 09/2013...732

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति

प्रेषक,

निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला मध्याह्न भोजन योजना प्रभारी पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 15/4/14

विषय : किचेन डिवाईस के क्रय के संबंध में दिनांक 2.04.2014 को आयोजित जिला मध्याह्न भोजन योजना प्रभारी पदाधिकारियों की राज्य स्तरीय बैठक में जिलों द्वारा व्यक्त की गयी व्यवहारिक कठिनाई के संबंध में।

प्रसंग : पत्रांक 359 दिनांक 22.02.2014 एवं पत्रांक 2634 दिनांक 18.11.2013।

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय पर कहना है कि राज्य के चिन्हित विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजनान्तर्गत आवश्यकतानुसार किचेन डिवाईस उपलब्ध कराया जाना है। इस हेतु निदेशालय के उक्त प्रासंगिक पत्रों के द्वारा मार्गनिदेश जारी किया गया है। परन्तु इसके क्रय करने में कुछ व्यावहारिक कठिनाईयों का उल्लेख हो रहा है। उक्त कठिनाईयों को दूर करने हेतु निम्नांकित अनुदेश जारी किये जा रहे हैं :–

1. जिला स्तर पर किचेन डिवाईस क्रय करने हेतु मेले का आयोजन नहीं किया जायेगा, बल्कि प्रधानाध्यापक सुविधानुसार विश्वसनीय दुकान से उपयुक्त बर्त्तनों का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।
2. किचेन डिवाईस निदेशालय से दी गई विशिष्टियों के आधार पर ही क्रय किया जाएगा, परन्तु किसी खास निर्माता कंपनी जैसे, Bharat Aluminium, Hindalco, Tata, Jindal, Sail आदि का ही बर्त्तन क्रय किया जाना अनिवार्य नहीं होगा। सामान्यतया इन बर्त्तनों की गुणवत्ता के लिए ISO प्रमाणण देख लिया जाना काफी होगा।
3. जिला मध्याह्न भोजन योजना प्रभारी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि प्रत्येक विद्यालय में निर्धारित समय में प्रधानाध्यापक द्वारा किचेन डिवाईस क्रय कर लिया गया हैं।
4. इसी प्रकार थाली/गिलास, ट्रंक, स्टोरेज बीन तथा बच्चों के खाने के लिए चट/दरी के क्रय में भी विद्यालय स्तर पर गुणवत्ता एवं न्यूनतम मूल्य का ध्यान रखते हुये आवश्यक सामग्रियों को क्रय किया जाय।

विद्यालय स्तर पर मध्याह्न भोजन हेतु आवश्यक उक्त सामग्रियों के क्रय के संबंध में पूर्व में जारी सभी निर्देश एवं अनुदेश इस हद तक संशोधित समझे जाएगें।

विश्वासभाजन

(राहुल सिंह)
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

46|R Letter